सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 20 अक्टूबर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने ऐकोल ग्लोबल इंटरनेशनल गर्ल्स स्कूल (Ecole Globale International Girls School) के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की ईयर बुक का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बेटियां आज प्रत्येक क्षेत्र में देश एवं प्रदेश का नाम रौशन कर रही हैं। हमारी बेटियों की उपलब्धियां हमें गौरवान्वित करती हैं। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा बड़े सपने देखें और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई चुनौतियां हमारे सामने हैं। आप सभी को इन चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा।

राज्यपाल ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन की क्रांति का नेतृत्व करते हुए समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए महिलाओं को महत्वपूर्ण रोल अदा करना होगा। उन्होंने कहा कि सेना में भी बेटियों के लिए नए अवसर खुले हैं वहीं उद्यमिता के क्षेत्र में भी बालिकाएं नेतृत्व कर रही हैं, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।

राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय ने कम समय में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। बालिकाओं के लिए इस प्रकार का प्रतिष्ठित संस्थान प्रदेश में होना गर्व की बात है। उन्होंने विद्यालय में बेहतरीन शैक्षणिक माहौल स्थापित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने स्कूल में अपनायी जाने वाली बेस्ट प्रक्टिसेस को अन्य स्कूलों के साथ साझा करने का सुझाव दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष अमरजीत सिंह स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मदनजीत सिंह, निदेशक तरूणजोत सिंह, अकादमिक निदेशक अनंतदत्त थपलियाल और प्रधानाचार्य नैना ढिल्लन, नेहा जोशी के अलावा बालिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन **टेली0 फै0–0135.2756172**